17 मई, 2023

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में विक्टोरिया डे

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – इस वर्ष, विक्टोरिया डे (Victoria Day), सोमवार, 22 मई को मनाया जाएगा।

आवश्यक और महत्वपूर्ण सेवाएं

फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services), ट्रैफिक सर्विसिज (Traffic Services), बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement), रोड ऑपरेशंस (Road Operations), और सिक्योरिटी सर्विसिज (Security Services) सहित, सभी आवश्यक और महत्वपूर्ण सेवाएं, पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

पटाखे

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन निवासियों को याद दिलाती है कि ब्रैम्पटन में पटाखे चलाने, खरीदने, डिस्चार्ज करने, रखने, डिस्पले, बेचने और बिक्री की पेशकश करने पर पाबंदी है।

निवासियों की सुरक्षा सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और पटाखों के बाइ-लॉ का उद्देश्य, चोट और प्रॉपर्टी के नुकसान के जोखिम को कम करना है।

पटाखे चलाने या इनकी बिक्री की रिपोर्ट के लिए निवासी, 3-1-1 पर फोन कर सकते हैं, 3-1-1 ऐप डाउनलोड कर सकते हैं, या www.brampton.ca पर ऑनलाइन जा सकते हैं। कानून का पालन न करने पर 500 डॉलर से 1,000 डॉलर तक का जुर्माना लगेगा और यह 100,000 तक भी जा सकता है, यदि अदालत सम्मन जारी करती है।

अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/fireworks पर जाएं।

ब्रैम्पटन ट्रांजिट

ब्रैम्पटन ट्रांजिट (Brampton Transit), विक्टोरिया डे को, रविवार/छुट्टी वाले शेड्यूल पर चलेगी। टर्मिनल्स पर ग्राहक सेवा (Customer Service) काउंटर बंद हैं। सवारियां, सहायता के लिए सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क केंद्र (Contact Centre) को संपर्क कर सकती हैं। खोया और पाया सहित, ब्रैम्पटन ट्रांजिट क्लार्क (Brampton Transit Clark) और सैंडलवुड (Sandalwood) फैसिलिटीज, सोमवार 22 मई को बंद रहेंगी।

सेवा अपडेट्स के लिए www.bramptontransit.com पर जाएं अथवा Twitter पर @bramptontransit को फॉलो करें। सवाल सीधे ब्रैम्पटन ट्रांज़िट के संपर्क केंद्र से 905.874.2999 पर पूछे जा सकते हैं।

ब्रैम्पटन रेक्रिएशन

ब्रैम्पटन रेक्रिएशन सेंटर, विक्टोरिया डे के लंबे वीकेंड को घटे हुए शेड्यूल के तहत चलेंगे। छुट्टी के घंटे यहां (here) देखे जा सकते हैं।

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी (Brampton Library) की सभी ब्रांचें, रविवार, 21 मई और सोमवार, 22 मई को बंद रहेंगी और मंगलवार, 23 मई को दुबारा खुलेंगी।

ईबुक्स और ईऑडियोबुक्स, स्ट्रीम टेलिविजन और मूवीज लेने के लिए, कई प्रकार के शिक्षात्मक, रचनात्मक और प्रोफेशनल डिजिटल प्रशिक्षण प्लेटफॉर्मों तक पहुंच के लिए ऑनलाइन, www.bramptonlibrary.ca पर हमसे जुड़ें। हमारे, कैलंडर ऑफ इवेंट्स (calendar of events) के द्वारा हर उम्र और रुचि वाले व्यक्तियों के लिए वर्चुअल (आभासी) प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर करें और हमारे ईमेल अपडेट्स के लिए सब्स्क्राइब करें (subscribe to our email updates)। हमें Facebook, Twitter, Instagram और LinkedIn पर फॉलो करें। iOS और Google Play पर ब्रैम्पटन लाइब्रेरी का मोबाइल ऐप जरूर डाउनलोड करें। हमारे ऐप के बारे में विवरणों के लिए यहां क्लिक करें (Click here for more details about our app)। हमारे स्टाफ के साथ लाइव चैट या सवाल पूछने के लिए, हमारी वेबसाइट पर जाएं (live chat with our staff, or Ask A Question, visit our website)।

ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter), सोमवार, 22 मई को बंद रहेगा और मंगलवार, 23 मई को दुबारा खुलेगा।

एनिमल कंट्रोल (Animal Control), सोमवार से शुक्रवार, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक और शनिवार तथा रविवार और छुट्टियों वाले दिनों को, सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक सड़क पर मौजूद होगा। इन घंटों के बाद, एनिमल कंट्रोल केवल एमरजेंसी संबंधी काम ही करेगा।

जुड़े रहें

किसी भी सवालों के लिए निवासी, 311 पर या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (जो ऐप स्टोर (App Store) या गूगल प्ले (Google Play) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं, www.311brampton.ca पर जा सकते हैं या 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन या रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए, 24/7 उपलब्ध हैं।

बंद होने के बारे में जानकारी

सिटी हॉल (City Hall) और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस सोमवार, 22 मई को बंद रहेंगे और मंगलवार, 23 मई, 2023 को दुबारा खुलेंगे।

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca